# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VIII | Department: Hindi (2nd Lang) | Date of submission- NA |
| --- | --- | --- |
| Notes | Topic: वर्ण-विच्छेद | Note: Pls. file it in your portfolio |

**वर्ण** -किसी भी भाषा में प्रयुक्त होने वाली मूल ध्वनि को वर्ण कहते हैं l जैसे – अ ,क्, ख् आदि l

**वर्णमाला-** वर्णों के समूह या समुदाय को वर्णमाला कहते हैं l

**वर्णमाला के प्रकार**

वर्णमाला के दो प्रकार हैं l 1 स्वर 2 व्यंजन

**1. स्वर (vowel)**

- ऐसे वर्ण जिनका उच्चारण स्वतंत्र होता है, वे वर्ण स्वर कहलाते हैं।
- हिन्दी भाषा में 11 स्वर होते हैं। वे इस प्रकार हैं:
- अ, आ ,इ, ई, उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ, ओ, औ I
- व्यंजन की परिभाषा -जिन वर्णों का उच्चारण स्वर की सहायता से होता है उन्हें व्यंजन कहते हैं।
- जैसे = क् +अ = क

**व्यंजन के भेद- व्यंजन तीन प्रकार के होते हैं:**

**1 स्पर्श व्यंजन (कचटतप)-** इन्हें 5 भागों में बाँटा गया है :

1. क वर्ग : क, ख, ग, घ, ङ।
2. च वर्ग : च, छ, ज, झ, ञ।
3. ट वर्ग : ट, ठ, ड, ढ, ण। (ड़, ढ़)
4. त वर्ग : त, थ, द, ध, न।
5. प वर्ग : प, फ, ब, भ, म।

**2. अंतःस्थ व्यंजन -य, र, ल, व।**

**3. ऊष्म व्यंजन- श, ष, स, ह ।**

**संयुक्त व्यंजन- क्ष, त्र, ज्ञ, श्र**

**वर्ण-विच्छेद**

वर्ण-विच्छेद यानी वर्णों को अलग-अलग करना। किसी शब्द (वर्णों के सार्थक समूह) को अलग-अलग लिखने की प्रक्रिया को वर्ण-विच्छेद कहते हैं।

जिस भी व्यंजन के नीचे हलंत चिह्न होता है वह व्यंजन आधा होता है ।

कलम = क् + अ + ल् + अ + म् + अ

कहलाता = क् +अ + ह् + अ +ल् + आ + त् +आ

| वर्ण मात्रा सहित | मात्राएँ | वर्ण विच्छेद |
|---|---|---|
| क | अ | क् + अ |
| का | आ | क् + आ |
| कि | इ | क् + इ |
| की | ई | क् + ई |
| कु | उ | क् + उ |
| कू | ऊ | क् + ऊ |
| कृ | ऋ | क् + ऋ |
| के | ए | क् + ए |
| कै | ऐ | क् + ऐ |
| को | ओ | क् + ओ |
| कौ | औ | क् + औ |

**याद रखने वाली कुछ बातें**

1 - जो अक्षर पहले से ही आधा हो उसे हलंत लगाकर लिखना चाहिए और उसमें कोई स्वर नहीं लगता । जैसे – स्वर = स् + व् + अ+ र्+ अ

2 -यदि किसी भी शब्द में (अ से औ ) तक कोई स्वर आ जाए तो उसे वैसे ही लिखा जाता है उसके टुकड़े नहीं किए जा सकते । जैसे – ओझा = ओ + झ् + आ

अमरता = अ + म् +अ + र् + अ + त् + आ

3- र में उ और ऊ की मात्रा की पहचान –

उ की मात्रा के साथ र, यानी र्+उ= रु ( रुचि, रुधिर )

ऊ की मात्रा के साथ र, यानी र्+ऊ= रू ( रूप, रूमाल )

**वर्ण-विच्छेद के उदाहरण**

1-कथन = क् + अ + थ् + अ + न् + अ

2- नाना = न् + आ + न् + आ

3- दीवार = द् + ई + व् + आ + र् + अ

4- कहानी = क् + अ + ह् + आ + न् + ई

5- अनुमान = अ + न् + उ + म् + आ + न् + अ

6- दूर = द् + ऊ + र् + अ

7- अमृत = अ + म् + ऋ + त् + अ

8- बेकार = ब् + ए + क् + आ + र् + अ

9- तैयार = त् + ऐ + य् + आ + र् + अ

10- कोयला = क् + ओ + य् + अ +ल् + आ

11- सौभाग्य = स् + औ + भ् + आ + ग् + य् + अ

**अभ्यास 1**

निम्नलिखित शब्दों के वर्ण- विच्छेद करें –

1 – विषैला =

2 – विद्या =

3 – मेहमान =

4 –शीतलता =

5- न्योछावर=

6 –आभूषण=

7 – कृष्ण =

8 - चुनौती =

9 –महाराज =

**संयुक्त व्यंजन**

**क्ष =** क् + ष् + अ

**त्र =** त् + र् + अ

**ज्ञ =** ज् + ञ् + अ

**श्र =** श् + र् + अ

क्षमा = क् + ष् + अ + म् + आ

चित्र = च् + इ + त् + र् + अ

यज्ञ = य् + अ + ज् + ञ् + अ

श्रोता = श् + र् + ओ + त् + आ

**अभ्यास 2**

निम्नलिखित शब्दों के वर्ण- विच्छेद करें –

**1 शिक्षा = श् + इ + क् + ष् + आ**

2 त्रिभुज = त् + र् + इ + भ् + उ + ज् + अ

3 यज्ञ = य् + अ + ज् + ञ् + अ

4 श्रुति = श् + र् + उ + त् + इ

5 भिक्षा = भ् + इ + क् + ष् + आ

6 पवित्र = प् + अ + व् + इ + त् + र् + अ

7 ज्ञानी = ज् + ञ् + आ + न् + ई

## अनुस्वार व अनुनासिक

अनुस्वार= जिस व्यंजन में अनुस्वार लगा हो उस अनुस्वार की जगह उस वर्ण के आगे आए स्वर में अनुस्वार लगाया जाता है। **जैसे -** भंडार = भ् + अं + ड् + आ + र् + अ

निबंध = न् + इ + ब् + अं + ध् + अ

अनुनासिक = जिस व्यंजन में अनुनासिक लगा हो उस अनुनासिक की जगह उस वर्ण के आगे आए स्वर में अनुनासिक लगाया जाता है ।

टाँग = ट् + आँ + ग् + अ

चाँद = च् + आँ + द् + अ

**अभ्यास 3**

निम्नलिखित शब्दों के वर्ण- विच्छेद करें –

1 संगीत = स् + अं + ग् + ई + त् + अ

2 बिंदी = ब् + इं + द् + ई

3 कंटक = क् + अं + ट् + अ + क् + अ

4 गाँव = ग् + आँ + व् + अ

5 कुआँ = क् + उ + आँ

6 पंडित = प् + अं + ड् + इ + त् + अ

7 हँसना = ह् + अँ + स् + अ + न् + आ

## र के विभिन्न रूप

यदि र स्वर रहित होता है तो यह अगले व्यंजन के सिर पर लगाया जाता है l इसे रेफ कहते हैं l

जैसे - वर्ष – व् +अ +र् + ष् + अ

यदि र से पूर्व व्यंजन स्वर रहित हो तो र पूर्ण व्यंजन के नीचे आता है l इसे पदेन कहते हैं l जैसे –

प्रभाव = प् + र् + अ + भ् + आ + व् + अ

ट तथा ड के साथ र नीचे लगाया जाता है l जैसे –

(1) ट्रक = ट् + र् + अ + क् + अ (2) ड्रम = ड् + र् + अ + म् +अ

**अभ्यास 4**

निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद करें

**1 प्रयोग = प् + र् + अ + य् + ओ + ग् + अ**

2 सर्प = स् + अ + र् + प् + अ

3 ड्रामा = ड् + र् + आ + म् + आ

4 टर्राना = ट् + अ + र् + र् + आ + न् + आ

5 इंद्राणी = इं + द् + र् + आ + ण् + ई

6 राष्ट्रीय = र् + आ + ष् + ट् + र् + ई + य् + अ

7 परमार्थ = प् + अ + र् + अ + म् + आ + र् +थ् +अ

अभ्यास 5

निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद करें –

**1- गुरु = ग् + उ + र् + उ**

2- जरूर = ज् + अ + र् + ऊ + र् + अ

3- द्वारा = द् + व् + आ + र् + आ

4- दृष्टि = द् + ऋ + ष् + ट् + इ

5- दरिद्र = द् + अ + र् + इ + द् + र् + अ

6- हृदय = ह् + ऋ + द् + अ + य् + अ

7-चिह्न = च् + इ + ह् + न् + अ

8- सौंदर्य= स्+ औं + द्+अ+ र्+ य्+ अ

9- स्वागत= स् + व् + आ + ग् + अ + त् + अ

10- कौशल = क् + औ + श् + अ + ल् + अ

11- इस्तेमाल = इ + स् + त् + ए + म् + आ +ल् + अ

12- अमावस्या = अ + म् + आ + व् + अ + स् + य् + आ

13- कंपन = क् + अं + प् + अ + न् + अ

14- साँप = स् + आँ + प् + अ

15- चाँदनी = च् + आँ + द् + अ + न् + ई

16- क्रम = क् + र् + अ + म् + अ

17- कर्म = क् + अ + र् + म् + अ

**निम्नलिखित वर्ण-विच्छेदों से शब्द बनाना सीखिए –**

1- व् + इ + द् + य् + आ + ल् + अ + य् + अ = विद्यालय

2- आ + श् + ई + र् + व् + आ + द् + अ = आशीर्वाद

3- उ + त् + त् + ई + र् + ण् + अ = उत्तीर्ण

4- अ + न् + ए + क् + अ = अनेक

5- म् + उ + ट् + ठ् + ई = मुट्ठी

**अभ्यास 6**

**निम्नलिखित वर्ण-विच्छेदों के लिए शब्द लिखिए –**

अ + द् + भ् + उ + त् + अ = अद्भुत

प् + आ + ठ् + अ + श् + आ + ल् + आ = पाठशाला

द् + ओ + स् + त् + अ = दोस्त

च् + आ + ल् + आ + क् + अ = चालाक

स् + अं + स् + क् + ऋ + त् + इ = संस्कृति

प् +र् + अ + व् + ई + ण् + अ = प्रवीण

स् + अ + र् + व् + आ + ध् + इ + क् + अ = सर्वाधिक

प् + र् + आ + क् + ऋ + त् + इ + क् + अ = प्राकृतिक

==========================================================================